अमर उजाला

बरेली | शुक्रवार, 2 अक्तूबर 2020

PAGE NO. 11 : BOTTOM MIDDLE

एसआरएमएस के चार सीनियर रेजिडेंट्स का नीट एसएस में चयन

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के चार सीनियर रेजिडेंट्स ने पहले ही प्रयास में नीट एसएस-2020 क्वालिफाई कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। कॉलेज के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट की हेड प्रोफेसर डॉ. स्मिता गुप्ता ने बताया कि नीट सुपर स्पेशिएलिटी (एसएस) के लिए मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजिडेंट्स डॉ. प्रतीक छाबड़ा, डॉ. अर्पित बंसल, डॉ. सक्षम सेठ और डॉ. दीप कमल का चयन हुआ है। चारों सीनियर रेजिडेंट्स ने सफलता का श्रेय कॉलेज की फैकल्टीज को दिया है। उन्होंने बताया कि इन डॉक्टरों ने कोरोना काल में कोविड मरीजों का इलाज किया। इनमें से तीन खुद कोविड पाजिटिव होकर क्वारंटीन में रहे। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह हमारे कॉलेज के मेडिसिन विभाग की उपलब्धि है। उन्होंने सफल चारों सीनियर रेजिडेंट्स को बधाई दी।